## कार्यालय, निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0 / सदस्य सचिव, यू0पी0 आयुष यू0जी0 काउंसिलिंग बोर्ड–2025, इन्दिरा भवन, आठवॉ तल, अशोक मार्ग, लखनऊ।

### –: विज्ञप्ति :–

**यू0पी0 आयुष यू0जी0 काउंसिलिंग–2025 के स्ट्रे वैकेंसी चक्र–3 (अंतिम चक) की ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारणी।**

शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के राजकीय / निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों / निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों / अल्पसंख्यक संस्थानों के यू0जी0 पाठ्यक्रमों (बी0ए0एम0एस0, बी0यू0एम0एस0 एवं बी0एच0एम0एस0) में प्रवेश हेतु एन0सी0आई0एस0एम0, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 29.11.2025 के द्वारा कट ऑफ डेट 10.12.2025 निर्धारित की गयी है। जिस हेतु स्ट्रे वैकेंसी चक्र–3 की ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारणी निम्नवत् है:–

| स्ट्रे वैकेंसी चक्र–3 | | | |
|---|---|---|---|
| क0सं0 | विवरण | दिनॉक / समय | कुल दिवस |
| 1 | ऑनलाईन पंजीकरण एवं अभिलेख अपलोड करने की तिथि | दिनॉक 02 / 12 / 2025 को अपराह्न 01:00 बजे से दिनॉक 04 / 12 / 2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक | 03 |
| 2 | धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि | दिनॉक 02 / 12 / 2025 को अपराह्न 01:00 बजे से दिनॉक 04 / 12 / 2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक | 03 |
| 3 | ऑनलाईन अभिलेखों का सत्यापन | दिनॉक 03 / 12 / 2025 से दिनांक 04 / 12 / 2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक | 02 |
| 4 | पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट सूची (State Merit List) का प्रकाशन | दिनॉक 04 / 12 / 2025 को सायंकाल 06:00 बजे तक | - |
| 5 | ऑनलाईन **च्वाईस फिलिंग** (वरीयता विकल्प) भरने एवं सीट लॉक करने की तिथि | दिनॉक 04 / 12 / 2025 को मेरिट सूची के प्रकाशन के उपरान्त से दिनॉक 06 / 12 / 2025 को मध्याह्न 12:00 बजे तक | 03 |
| 6 | अनंतिम सीट आवंटन सूची / सूचियों का प्रकाशन | दिनॉक 06 / 12 / 2025 को सायं 06:00 बजे तक | - |
| 7 | नोडल सेन्टर पर अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों का सत्यापन | दिनॉक 08 / 12 / 2025 को (प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) | 01 |
| 8 | आवंटन पत्र डाउनलोड करने एवं आवंटित संस्था में प्रवेश की अन्तिम तिथि | दिनॉक 08 / 12 / 2025 से दिनॉक 10 / 12 / 2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक। | 03 |

**नोट–**

- **प्रथम, द्वितीय, तृतीय चक, स्ट्रे वैकेंसी चक–1 एवं स्ट्रे वैकेंसी चक–2 की काउंसिलिंग के माध्यम से सीट आवंटन प्राप्त अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेंसी चक–3 की काउंसिलिंग हेतु अर्ह नही होंगे।**
- **राजकीय एवं निजी क्षेत्र के आयुष कालेजों हेतु स्ट्रे वैकेंसी चक–3 की काउंसिलिंग द्वारा प्रोविजनल आवंटित सीट (Provisional Allotted Seat) पर अभ्यर्थी को प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से अभिलेखों के सत्यापन हेतु नोडल सेन्टर पर उपस्थित होना होगा। अन्यथा की स्थिति में जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।**
- AACCC-2025 द्वारा घोषित अनर्ह अभ्यर्थी काउन्सिलिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र नहीं होंगे।
- स्ट्रे वैकेंसी चक–3 हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष–2025 की काउंसिलिंग में पंजीकरण नही कराया है उन्हें पंजीकरण शुल्क रू0 2,000/– (रूपये दो हजार) मात्र एवं धरोहर धनराशि देय होगी।
- प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चक्र में जिन अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया हो, परन्तु उन्हें कोई सीट आवंटित नही हुई हो, यदि ऐसे अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेंसी चक–3 में प्रतिभाग करना चाहते हों तो उन्हें पुनः पंजीकरण जमा कराते हुये रू0 1,000/– (एक हजार) मात्र पंजीकरण शुल्क पृथक से देय होगा। स्ट्रे वैकेंसी चक्र–1 एवं स्ट्रे वैकेंसी चक–2 में जिन अभ्यर्थियों ने रू0–1,000/– (एक हजार) मात्र पंजीकरण शुल्क जमा कर पंजीकरण कराया है उन्हें स्ट्रे वैकेंसी चक–3 में पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नही है।
- अभिलेखों का भौतिक सत्यापन के लिये **नोडल सेन्टर–राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, हैनीमेन चौराहा, विराज खण्ड–1, गोमती नगर, लखनऊ** है। विस्तृत जानकारी के लिये काउंसिलिंग की अधिकृत वेबसाइट–**www.upayushcounseling.upsdc.gov.in** पर उपलब्ध यू0पी0 आयुष यू0जी0 काउंसिलिंग–2025 का **शासनादेश, विवरण–पुस्तिका (ब्रोशर)** तथा महत्वपूर्ण निर्देशों का अवलोकन करें।

दिनांक: 01.12.2025

(प्रो0 प्रमोद कुमार सिंह)
निदेशक, होम्योपैथी
उ0प्र0 / सदस्य सचिव।

Scanned with CamScanner